राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

सीनियर सेकेंडरी कोर्स: जन संचार

मॉड्यूल - 3

पाठ 28B: फोटो पत्रकार की भूमिका

वर्कशीट - 28B

1. फोटो पत्रकार को समय की उपयोगिता को समझना चाहिए। समय के महत्व के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए किसी पेशेवर फोटोपत्रकार से चर्चा करें।
2. किन्ही राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय अखबारों का चयन करें, जिसमें से पांच फोटो जनित खबरों को ढूंढे, जिनके प्रकाशन के बाद आपको अनुभव हुआ हो की बिना फोटो के खबरों का कोई महत्व नहीं होता।
3. प्रैस कॉनफ्रैंस में कैमरामैन/फोटो पत्रकार की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इस संबंध में किसी क्षेत्रीय या राजनीतिक पार्टी के नेता से फोटो पत्रकार की भूमिका की चर्चा करें।
4. फोटो पत्रकारिता में आचार का क्या अर्थ है। फोटो पत्रकार की पांच विशेषताओं का वर्णन करें।
5. कोरोना का टीका लगवाते लोग, एक लोकप्रिय नेता का भाषण देते हुए फोटो, वृक्षारोपण एवं आपदा की पांच तस्वीरों को एकत्रित करें। उपरोक्त सभी तस्वीरों को आरेख के माध्यम से प्रदर्शित करें।
6. भारतीय एवं विदेशी मूल के पांच शुरूआती फोटो पत्रकारों की सूची बनाएं। अपने परिवार एवं मित्रों से उनके योगदान के बारे में चर्चा करें।
7. फोटो खीचते समय फोटो पत्रकारों को कौन सी बातों का ध्यान रखना चाहिए। सभी बातों को सूची द्वारा प्रदर्शित करें।
8. फोटो संपादन एवं फोटो चयन का तुलनात्मक अध्ययन करें।
9. फोटोग्राफर के मुख्य पांच कार्यों को जाने एवं सभी कार्यों के बारे में अपने मित्रों के साथ चर्चा करें।

10. स्वयं को एक फोटो पत्रकार समझते हुए, अपने इलाके की अलग-अलग जगहों का चयन करें एवं इलाके की पांच फोटो खीचें।